INDIA WATCH

उभरते उद्यमियों को दिखाया उनके सपनों को साकार करने का अवसर

Reporter: India Watch | 24th March 2018 (9 hours ago)

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ में स्टार्टअप परिक्रमा-7 का आयोजन

लखनऊ : गोसाईगंज स्थित स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ में 23 मार्च, शुक्रवार को तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के सौजन्य से डॉ. कलाम स्टार्टअप परिक्रमा- 7 के अंतर्गत एक कार्याशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ आनंद मिश्रा, निदेशक, नियोजन, उत्तर प्रदेश एवं सह निदेशक घनश्याम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्याशाला में विभिन्न कालेजों के अनेक छात्र-छात्राओं नें भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐकेटीयू स्टार्टअप के सलाहकार- इन्जीनियर अभिषेक नंदन एवं सौरभ सिंह नें छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम के विषय से अवगत कराते हुए उभरते हुए उद्यमियों को उनके सपनों को साकार करने का अवसर दिखाया जिससे वे अनेकों परिवारों का भरण-पोषण कर जीवन को एक नयी दिशा दे सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मिश्रा, निदेशक, नियोजन, उत्तर प्रदेश एवं सह निदेशक घनशयाम यादव ने छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे उद्योग स्थापित करनें सम्बंधित परियोजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की।

संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज मेहरोत्रा ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट अतिथि, कीनोट स्पीकर्स, शिक्षकगण, उपस्थित छात्रों, मीडियाकर्मियों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे हम उन छुपी प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर सकतें हैं जिन्हें धन के आभाव से अपना उद्यम स्थापित करनें का अवसर प्राप्त नहीं हो पाता। प्रो. मेहरोत्रा नें कहा कि सरकार के "मेक इन इंडिया" विज़न को डॉ. कलाम स्टार्टअप कार्यक्रम से बेहतर और कोई प्लेटफार्म नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि हम सब डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कृतार्थ हैं जिसने इस प्रकार की पहल की है जहाँ हम छात्रों को उनके सुनहरे सपनों को चरितार्थ करनें में सहयोग कर सकतें हैं।

इस अवसर पर संस्थान के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने ***मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मिश्रा, निदेशक, योजना, उत्तर प्रदेश, लता रस्तोगी, सह-संस्थापक, न्यूजेनएप्प्स तथा सुशील अग्रवाल, एम.डी., गोबिंद इंडस्ट्रीज, बाराबंकी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों*** का अभिवादन करते हुए कहा कि डॉ. कलाम स्टार्टअप परिक्रमा कार्यक्रम के द्वारा डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ 40 स्टार्टअप परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन करेगी जिसमें वह चयनित छात्रों को मेंटरशिप प्रदान कर रियल टाइम इन्वेस्टर्स से मिलाएगी ताकि वह अपने उद्योग को स्थापित करने तथा सरकार के 'मेक इन इंडिया' विज़न को चरितार्थ करने में सहयोग करेगी। **कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव शरद सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया।**

कार्यशाला के समापन के उपरांत चयनित छात्र.छात्राओं को उनके नवप्रवर्तनशील विचारों के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर सौरभ वर्मा, एस0एम0एस0 लखनऊ, द्वितीय स्थान पर रोहित कुमार तिवारी, एस0एम0एस0, लखनऊ तथा तृतीय स्थान पर सूर्य प्रताप सिंह मोरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रहे। इन छात्रों को पुरस्कार राशि के रूप में क्रमशः रुपये 10,000, 5,000 तथा 3,000 का नगद पुरस्कार वितरित किया गया।